HALF YEARLY EXAMINATION, 2024-25

HINDI

Time – 3:00 Hrs. **Class – VI** **M.M. : 80**

Date – 21.09.2024 (Saturday)

Name of the student ____Section _____

निर्देश – 1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है ।
2. स्पष्ट एवं सारगर्भित उत्तर अपेक्षित है ।

(खंड–अ)

प्र.1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए– (4)

स्नेह और सम्मान भरे शब्द किसे अच्छे नहीं लगते। मधुर वाणी जहाँ मित्रता का विस्तार करती है, वहीं कटु शब्द कठोर शत्रु भाव बढ़ाते हैं। दूसरों को स्नेह देना और उनका सम्मान करना सामाजिक सफलता का एकमात्र मंत्र है। जीवन में सुख-शांति और उन्नति चाहने वाले प्रत्येक महत्वाकांक्षी को सबसे पहले यही सीख धारण करनी चाहिए। महाभारत के ज्येष्ठ पांडव युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ में कृष्ण ने लोगों के स्वागत की ज़िम्मेदारी ली और बदले में वे उस यज्ञ से सर्वाधिक पूज्य व्यक्ति माने गए। ईसा मसीह, गौतमबुद्ध, महावीर, महात्मा गाँधी जैसे महापुरुषों में रंचमात्र भी अभिमान नहीं था। उन्होंने सदैव दूसरों को महत्त्व दिया और इस तरह से वे स्वयं महान बन गए। मान-सम्मान का मूल्य चुकाना असंभव है। बिना मान-सम्मान के यदि अमृत भी मिले, तो वह विष बन जाता है और मानपूर्वक दिया गया विष भी अमृत बन जाता है। विद्यार्थी जीवन का प्रथम पाठ यही है कि गुरु के प्रति सच्चे सम्मान का भाव अपने हृदय में पैदा करें, अन्यथा उसकी सारी विद्या निष्फल हो जाएगी।

i) मित्रता का विस्तार किससे होता है?
अ- मितभाषी होने से ब- मधुर भाषी होने से स- कटुभाषी होने से द- वाचाल होने से

ii) महाभारत के ज्येष्ठ पांडव कौन थे?
अ- दुर्योधन ब- नकुल स- युधिष्ठिर द- भीम

iii) राजसूय यज्ञ में सर्वाधिक पूज्य व्यक्ति कौन माना गया?
अ- भीष्म पितामह ब- धृतराष्ट्र स- शकुनि द- श्री कृष्ण

iv) विद्यार्थी जीवन का प्रथम पाठ है-
अ - गुरु का सच्चा सम्मान ब- गुरु का तिरस्कार स- आलस्य द- अनुशासनहीनता

प्र.2 निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए- (4)

उद्देश्य जीवन का नहीं कीर्ति या धन है,
सुख नहीं, धर्म भी नहीं, न तो दर्शन है।
विज्ञान,ज्ञान, बल नहीं, न तो चिंतन है,
जीवन का अंतिम ध्येय स्वयं जीवन है।
सबसे स्वतंत्र यह रस जो अनघ पीएगा,
पूरा जीवन केवल वह वीर जीएगा।

i) मनुष्य जीवन का अंतिम ध्येय है-
अ- चिंतन करना ब- धन कमाना स- कीर्ति पाना द- स्वयं का जीवन

ii) पूर्ण जीवन कौन जी सकता है?
अ - वीर व्यक्ति ब- विज्ञान को जानने वाला
स- चिंतन करने वाला द- जीवन रुपी रस पीने वाला

iii) 'स्वतंत्र' शब्द का विलोम शब्द है-
अ -आज़ाद ब-स्वच्छंद स- उन्मुक्त द- परतंत्र

iv) इस काव्यांश के लिए उचित शीर्षक है-

अ- सच्चा सुख　　ब- स्वतंत्र जीवन　　स- जीवन का उद्देश्य　　द- विज्ञान का बल

प्र.3 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर पूरे वाक्य में लिखें-

गरमी के दिन थे । बाबू जी दफ़्तर गए हुए थे । अम्माँ दोनों बच्चों को कमरे में सुलाकर खुद सो गईं । लेकिन बच्चों की आँखों में नींद कहाँ? अम्माँ जी को बहलाने के लिए दोनों दम रोके, आँखें बंद किए, मौके का इंतज़ार कर रहे थे । ज्यों ही मालूम हुआ कि अम्माँ जी अच्छी तरह से सो गईं, दोनों चुपके से उठे और बहुत धीरे से दरवाज़े की सिटकनी खोलकर बाहर निकल आए। अंडों की हिफ़ाज़त की तैयारियाँ होने लगीं । केशव कमरे से एक स्टूल उठा लाया, लेकिन जब उससे काम न चला तो नहाने की चौकी लाकर स्टूल के नीचे रखी और डरते-डरते स्टूल पर चढ़ा ।

i) उपरोक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है? कहानीकार का नाम भी लिखिए । **(1)**

ii) दोपहर होने पर अम्माँ ने क्या किया?
(2)

iii) बच्चों की आँखों में नींद क्यों नहीं थी?
(2)

प्र.4 निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में लिखें-

हम मेहनत वालों ने जब भी, मिलकर कदम बढ़ाया
सागर ने रस्ता छोड़ा ,परबत ने सीस झुकाया
फ़ौलादी हैं सीने अपने, फ़ौलादी हैं बाँहें
हम चाहे तो चट्टानों में पैदा कर दें राहें ।
साथी हाथ बढ़ाना ।

i) उपरोक्त पंक्तियों के गीतकार का नाम लिखिए।
(1)

ii) 'सागर ने रस्ता छोड़ा, परबत ने सीस झुकाया' पंक्ति का तात्पर्य क्या है?
(2)

iii) गीत में सीने और बाँहों को फ़ौलादी क्यों कहा गया है?
(2)

प्र.5 निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प पठित पाठों के आधार पर चुनकर लिखिए- (6)

i) चिड़िया का स्वभाव था -

अ- नटखट　　ब- शरारती　　स- संतोषी　　द- घमंडी

ii) लेखिका कृष्णा सोबती को ऑलीव ऑयल या कैस्टर ऑयल किस दिन पीना पड़ता था?

अ- रविवार को　　ब- शनिवार को　　स- मंगलवार को　　द- बुधवार को

iii) चिड़िया ने अंडे कहाँ दिए थे?

अ - खिड़की में　　ब - छत पर　　स- कार्निस पर　　द -रसोईघर में

iv) 'चाँद से थोड़ी-सी गप्पें' कविता के कवि हैं-

अ- माखनलाल चतुर्वेदी　　ब- शिवमंगल सिन्ह 'सुमन'

स- केदारनाथ अग्रवाल　　द- शमशेर बहादुर सिंह

v) मनुष्य किसके सहारे अपना भाग्य बदल सकता है?

अ - खेल के　　ब- नाटक के　　स- धन के　　द- मेहनत के

vi) मोहन ने पेट दर्द का बहाना क्यों बनाया था?

अ - क्योंकि वह पढ़कर थक गया था ।　　ब - उसे घूमने जाना था ।

स- साथियों के साथ खेलना चाहता था ।　　द - वह स्कूल जाने से बचना चाहता था ।

प्र.6 निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखिए- (कोई 6)
(12)

क - कविता के आधार पर चिड़िया को किन-किन चीज़ों से प्यार है?

ख - लेखिका कृष्णा सोबती अपने बचपन में कौन-सी चीज़ें मज़ा ले-लेकर खाती थीं?

ग - केशव ने श्यामा से चिथड़े, टोकरी और दाना-पानी मँगाकर कार्निस पर क्यों रखे थे?

घ - 'चाँद से थोड़ी-सी गप्पें' कविता में लड़की के अनुसार चाँद को क्या बीमारी है?

ङ - क्या इंसान किस्मत को अपने वश में कर सकता है? कैसे?

च - माँ मोहन के 'ऐसे-ऐसे कहने पर क्यों घबरा रही थीं?

छ - पूर्णिमा की रात चाँद कैसा दिखाई देता है? इस रात की क्या विशेषता होती है?

प्र.7 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक लिखिए । (6)

क - एकांकी 'ऐसे-ऐसे' में मोहन के द्वारा पेट दर्द का बहाना बनाना क्या उचित था? मोहन के स्थान पर यदि आप होते तो क्या करते ? तर्क सहित उत्तर लिखिए ।

ख - लेखिका अपने मोज़े और स्टाकिंग्स स्वयं धोती थीं तथा जूतों को पॉलिश भी स्वयं करती थीं । उन्हें यह काम नौकरों से करवाने की मनाही थी । क्यों? अपने विचार लिखिए ।

अथवा

लेखिका कृष्णा सोबती बचपन में क्या- क्या काम करती थीं? उन्हें चश्मा क्यों लगाना पड़ा?

खंड - ब (व्याकरण)

प्र.8 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए ।

अ - सही विकल्प चुनिए- (4)

क- कौन-सा शब्द 'नि' उपसर्ग से बना है ?

अ - निर्दोष ब- निर्भीक स- निर्विकार द- निडर

ख- किस शब्द में 'आई' प्रत्यय लगा है?

अ - चटनी ब- बली स- बुराई द- गमी

ग- भाववाचक संज्ञा शब्द है-

अ - बाल्टी ब - बचपन स - मीरा द - गंगा

घ- कौन- सा शब्द स्त्रीलिंग एकवचन का है?

अ - चुहियाँ ब- बेटे स- नाले द- सब्ज़ी

ब- निर्देशानुसार वाक्यों को परिवर्तित कर दुबारा लिखिए- (2)

1- **बच्चा छाता** लेकर स्कूल गया । (रेखांकित शब्दों के वचन बदलिए)

2- **धोबी** से कपड़े लेकर वह **माली** को बुलाने गई । (रेखांकित शब्दों के लिंग बदलिए)

स- रिक्त स्थानों की पूर्ति कर वाक्य दुबारा लिखें। (3)

1- उपसर्ग वे शब्दांश हैं, जो शब्द के ----------- में लगकर नया शब्द बनाते हैं।

2- 'अनुशासन' शब्द में --------------- उपसर्ग लगा है।

3- 'धनवान' शब्द में 'वान' शब्द -------------- है ।

द- 'कार' तथा 'आस' प्रत्यय लगाकर दो-दो शब्द तथा 'अप' उपसर्ग लगाकर दो शब्द लिखिए । **(3)**

प्र.9 क- निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए- (3)

1-चन्द्रमा 2- घर 3- तालाब

ख- विलोम शब्द लिखिए-

1- वीर 2- क्रय 3- गुण **(3)**

ग - वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए - (3)

1- जिसका कोई आकार न हो - ....

2- दूसरों पर उपकार करने वाला - ....
3- जिसमें सहने की शक्ति हो - ....

प्र.10 सही विकल्प चुनिए ।
(6)

क- अवध नगर स्थित था-
अ- गंगा नदी के किनारे ब- सरयू नदी के किनारे स- गोमती नदी के कनारे

ख- महर्षि भरद्वाज का आश्रम था -
अ- चित्रकूट पर्वत पर ब- अरावली पर्वत पर स- हिमालय पर्वत पर

ग- अयोध्या के राजगुरु कौन थे?
अ- महर्षि विश्वामित्र ब- द्रोणाचार्य स- महर्षि वशिष्ठ

घ- मंथरा किसकी दासी थी?
अ - रानी कौशल्या की ब- रानी कैकेयी की स- रानी सुमित्रा की

ङ- राम, लक्ष्मण और सीता दण्डकवन में कितने वर्ष रहे?
अ -14 वर्ष ब- 8 वर्ष स- 10 वर्ष

च- रावण और कुंभकर्ण की बहन का नाम था-
अ- शूर्पणखा ब- ताड़का स- हिडंबा

प्र.11 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर उचित प्रारूप में पत्र लिखिए । (5)

बीमारी का कारण बताते हुए तीन दिन का अवकाश लेने हेतु अपने विद्यालय के प्राचार्य को एक आवेदन पत्र लिखिए ।

अथवा

कुछ आवश्यक पुस्तकें मँगवाने हेतु पुस्तक विक्रेता, विजय बुक डिपो, बिलासपुर: छग, पिनकोड 495001 को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए ।

प्र.12 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 80 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए - (6)

(क) देशप्रेम (ख) संगति (ग) सच्चा मित्र (घ) मेरा प्रिय खेल